### एक नजर में



## राष्ट्रीय बजरंग दल ने बांग्लादेश का पुतला जलाया

**आष्टा.** पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में दीपूचंद्र दास को पेड़ से लटका कर जिंदा जलाने की खबर से इंसान को अंदर तक झकझोर दिया है. अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष दीपक राठौर मोदी के नेतृत्व में कन्नौद रोड स्थित कालोनी चौराहे पर बांग्लादेश पुतला दहन किया. इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि बांग्लादेश में दीपूचंद्र दास को जिंदा जलाने वाला मामला बेहद दुखद है, वह हिंदुओं के मंदिर तोड़े जा रहे है और बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही ये निंदनीय है, यह नया भारत है अगर बांग्लादेश सरकार ने ठोस कदम उठा कर हिन्दुओं की सुरक्षा नहीं की तो भारत भी चुप नहीं बैठेगा क्योंकि ये मोदी जी का नया भारत है.




## बीएसपीएल सीजन-2 का खिताब अमित 11 के नाम

**बुधनी.** युवा शक्ति क्लब एवं कैंब्रिज हायर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय बुधनी स्कूल प्रीमियर लीग सीजन-2 का फाइनल मुकाबला दशहरा मैदान में खेला गया. फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमित 11 टीम ने खिताब अपने नाम किया. मैच शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अर्जुन मालवीय, सत्येंद्र शर्मा, धीरेंद्र तिवारी, लेखराम पटेल, सतीश गुप्ता, यशवंत सिंह चौहान, किशन मालवीय, सत्येंद्र सिवाच, डॉ. रमेश शर्मा, प्रकाश राय, इमरान पहलवान, राजेश यादव, तमजीर खान, आशीष चौहान, अरविंद राठौर, मो इरफान उपस्थित रहे.



## एमपी बैंक मित्र संगठन ने बनाई जिला कार्यकारिणी

**सीहोर.** मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन ने जिला ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर दिया है. महासम्मेलन का शुभारंभ विधायक सुदेश राय एवं बैंक मित्र संगठन जिलाध्यक्ष आरिफ खान द्वारा किया गया. जिला सचिव गोपाल सिंह कोषाध्यक्ष राहुल सूर्यवंशी सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया. सीहोर ब्लाक अध्यक्ष राहुल मेवाडा,उपाध्यक्ष विशाल सोनी,सचिव भोला यादव, कार्यभार अध्यक्ष अरुण मालवीय,श्यामपुर ब्लाक अध्यक्ष विक्रम मेवाडा,उपाध्यक्ष रवि दांगी,सचिव उपेन्द्र राजपूत,कार्यवाहक आराम गुर्जर,आष्टा ब्लाक अध्यक्ष दोलत सिंह ठाकूर .उपाध्यक्ष अखिलेश चौरसिया,सचिव निहाल महेश्वरी,कार्यभार अध्यक्ष लखन सिह ठाकुर, जावर ब्लाक अध्यक्ष विनोद चौरसिया,उपाध्यक्ष मनोज पचलासिया,सचिव कुलदीप ठाकुर कार्यभार अध्यक्ष शैलेन्द्र पचलासिया को चुना गया.



## विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन ध्वजारोहण

**सीहोर.** बस्ती स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए गुरुवार को विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में साधु संतों हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों की विशेष उपास्थिति में भूमिपूजन और ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ. विश्वहिन्दु परिषद बजरंगदल प्रमुख जगदीश कुशवाहा ने बताया कि ब्रह्मपुरी बस्ती स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन आगामी 4 जनवरी को आयोजित किया गया है. बजरंग अखाड़ा नदी चौराहा से सुबह 11 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी. जो प्रमुख मार्गों से होकर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी. कलश यात्रा के बाद भोजन प्रसादी दांगी पैलेस में रहेगा.



## नव-निर्मित कॉम्प्लेक्स में नियमों की अनदेखी

**बुधनी.** नगर परिषद के नव-निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है. नीलामी के माध्यम से आवंटित दो अलग-अलग दुकानों को नियम विरुद्ध तरीके से तोड़कर एक किया जा रहा है, जबकि निर्धारित नियमों के अनुसार किसी भी प्रकार के संरचनात्मक बदलाव की अनुमति नहीं है .करीब एक माह पूर्व भी संबंधित दुकानदार द्वारा दुकान की दीवार तोड़ने का प्रयास किया गया था. उस समय राजनीतिक रसूख के चलते मामला दबाने की कोशिश हुई, लेकिन मीडिया में मामला उजागर होने के बाद नगरीय प्रशासन हरकत में आया और कार्य को रुकवाते हुए दुकानदार को नोटिस जारी किया गया था।इसके बावजूद बुधवार दोपहर दुकानदार द्वारा दुकान की दीवार पूरी तरह से तोड़ दी गई, जिससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. सीएमओ संतोष रघुवंशी का कहना है उचित कार्रवाई की जाएगी.

# तेंदुए-बाघ की तलाश में भटक रहे वनकर्मी

### बीते कुछ दिनों से कई ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ देखे जाने के दावों के बाद वनकर्मी जांचते फिर रहे पगमार्क

- दो दिन पहले इछावर के ग्राम नीलबड़ में दिखा था तेंदुआ
- कोड़िया, महोड़िया में पहुंचे वन अमले ने किया मुआयना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 दिसंबर. इन दिनों जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ और बाघ की मौजूदगी के मामले सामने आ रहे हैं. ऐसे में जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है वहीं वन विभाग के कर्मचारी भी संभावित ठिकानों की खाक छान रहे हैं, लेकिन अब तक कहीं भी तेंदुआ या बाघ उनकी नजर में नहीं आ सका है. गुरुवार को वन कर्मचारियों ने कई गांवों में पहुंचकर जायजा लिया और फुटप्रिंट देखे.**

बीते कुछ दिनों से शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ देखे जाने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है, वहीं अहमदपुर क्षेत्र के भी ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ होने के दावे किए जा रहे हैं. इसके अलावा बिलकीसगंज क्षेत्र के रामाखेड़ी चंदेरी आदि गांवों में बाघ का मूवमेंट होने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है. इसी तरह दो दिन पहले इछावर क्षेत्र के नीलबड़ गांव में खेत पर तेंदुआ देखा गया. वन विभाग के अमले ने सर्चिंग कर पटाखे फोड़े ताकि अगर तेंदुआ हो तो जंगल की तरफ निकल जाए. इतने ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ और बाघ होने के मामले होने के बाद भी अब तक एक भी हिंसक प्राणी वन विभाग के पिंजरे में नहीं फंस सका है. इसके बाद भी ग्रामीणों में इतना खौफ है कि वह अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं तो शाम होते ही घरों में दुबक रहे हैं.





**सीहोर.** ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग के अमले ने खेतों में पगमार्क तलाशे, वहीं मगरदा में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं.


### सियार या लकड़बग्घा होने की संभावना

बीते कुछ दिन से शहर के नजदीकी ग्राम शिवपुरी, कोड़िया व महोड़िया के खेतों में तेंदुआ देखे जाने के दावे ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे थे. बुधवार की रात भी कुछ खेतों में पगमार्क होने की सूचना उनके द्वारा वन विभाग को दी गई. गुरुवार को डिप्टी रेंजर विजय कसोटिया, वन रक्षक अशोक जाट, रविन्द्र श्रीवास्तव आदि पहुंचे और खेतों में पहुंचकर पगमार्क देखे. डिप्टी रेंजर श्री कसोटिया की मानें तो पगमार्क तेंदुए के न होकर सियार या लकड़बग्गा के हो सकते हैं. इसके बाद भी उन्होंने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की है.

### मगरदा में रखा पिंजरा पांच दिन से खाली

बीते कुछ दिन से अहमदपुर वनपरिक्षेत्र में तेंदुआ दिख रहा था. वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना करते हुए पहले पथरिया के जुगराजपुरा गांव के समीप पिंजरा रखा था, लेकिन तेंदुआ वहां फटका भी नहीं. फिर पिंजरे को ग्राम जैतला और कोलूखेड़ी के बीच लगाया गया, लेकिन वहां भी वन विभाग के हाथ सफलता नहीं लगी. इस दौरान ग्राम मगरदा में भी तेंदुआ दिखने की बात ग्रामीणों ने कही. इतना ही नहीं एक ग्रामीण युवा ने वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत कर दी. नतीजतन वन विभाग ने वहां पिंजरा लगा दिया है, लेकिन लगभग पांच दिन के लंबे इंतजार के बाद भी पिंजरे में तेंदुआ नहीं फंस सका है.

## दूसरे दिन भी नहीं मिला युवक का सुराग



**श्यामपुर.** लगातार दूसरे दिन भी ग्राम बमुलिया पुरा निवासी युवक की तलाश में एसडीआरएफ की टीम पार्वती नदी में सर्चिंग करती रही, लेकिन शाम तक उसके हाथ सफलता नहीं लगी. शुक्रवार को फिर सुबह से नदी में युवक की तलाश की जाएगी. गौरतलब है कि श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बमुलिया पुरा निवासी शिवचरण मीणा का 25 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार की देर रात घर से बाइक लेकर गया था. सुबह पार्वती नदी किनारे युवक का बाइक और मोबाइल नजर आया. संभावना जताई गई कि युवक ने नदी में छलांग लगाई है. स्थानीय गोताखोरों के अलावा एसडीआरएफ की टीम ने बुधवार को नदी में सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली. गुरुवार को सुबह से एक बार फिर पार्वती नदी में सर्चिंग अभियान शुरू किया गया, लेकिन शाम का अंधेरा घिरने के कारण सर्चिंग अभियान रोकना पड़ा.

## सोलह क्रिकेट टीमों ने कराया पंजीयन

**सीहोर.** ग्रामीण क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए मुगीसपुर में गुनगुन ट्राफी सीजन एक का आयोजन द्वारा कराया जा रहा है. अबतक सोलह क्रिकेट टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है. गुरूवार को वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, डॉ इम्तियाज खान के मुख्य अतिथिय में भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलशेर शेख आयोजन समिति अध्यक्ष अरमान सेरप,अरशाद कुरैशी के द्वारा रिबीन काटकर किया गया. प्रतियोगिता में काहरी, गुड़बेला, सेकडा खेड़ी, समापुरा, मोगरा राम, सतपीपलिया, कुड़ी, मुगीसपुर, पार्वती, देवली, दौलतपुर, रफीकगंज, चारानी, मुन्डला कला, पाटनी गांवों की क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रही हैं.

# विदेश नीति को आकार देने में अटलजी की अहम भूमिका : मेवाड़ा

- जिले भर में बूथ स्तर तक मनाई अटल जी की जयंती
- अटल चौक पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 दिसंबर.** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, संसद की विभिन्न महत्वपूर्ण स्थायी समितियों के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता के रूप में आजादी के बाद भारत की घरेलू और विदेश नीति को आकार देने में एक सक्रिय भूमिका निभाई.

उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं. उन्होंने कहा कि अटल जी ने पौखरण परमाणू विस्फोट कर दुनिया को चौंका दिया था. पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में करारा जबाव पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने ही दिया था. लाहौर बस यात्रा से अटलजी ने शांति का संदेश भी दुनिया को दिया था. वाजपेई राजनीति के क्षेत्र में चार दशकों तक सक्रिय रहे.

गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिले में बूथ स्तर पर हर्षोउल्लास से मनाई गई. मुख्य कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किया गया. भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने अटल चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा,विधायक सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भाजपा जिला कार्यालय में अटल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने ही देश को सुपर पावर बनाने का कार्य किया है. देश में उद्योगों की क्रांति भी अटल के कार्यकाल में शुरू हुई है.प्रधानमंत्री सड़क योजना से प्रदेश के सभी गांव मुख्य सड़क से जुड़ गए है. प्रधानमंत्री अटलजी ने ही अयोध्या में कारसेवा का शुभारंभ किया था और श्रीराम मंदिर हमारे सामने है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि अटलजी के भाषण कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य करते थे अटलजी ने नगरीय प्रशासन नगर पालिकाओं को अनेक अधिकार दिए थे जिन को लाभ आज देश की जनता को मिल रहे है.

कार्यक्रम में मोहन चौरसिया, अशोक सिसोदिया, रवि नागले, राजकुमार गुप्ता, विपिन सास्ता, सुदीप प्रजापति, नरेन्द्र राजपूत, लखन चौरसिया, लोकेंद्र वर्मा, विजेंद्र परमार, गोपाल सोनी, आशुतोष त्यागी, आशीष पचौरी, रोहित यादव, अजय पाल, प्रदीप गौतम, रवि पारे, ब्रजमोहन सोनी,




## सोयाबीन का मॉडल रेट 4235 रुपए जारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 दिसम्बर.** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है. गुरुवार को 4235 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है.

सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था. इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 को 4056 रुपए, 12 को 4077 रुपए, 13 को 4130 रुपए, 14 को 4184 रुपए, 15 को 4225 रुपए, 16 को 4234 रुपए, 17 को 4236 रुपए, 18 को 4255 रुपए, 19 को 4263 रुपए, 20 को 4267 रुपए, 21 को 4271 रुपए, 22 को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 को 4277 रुपए, 26 को 4265 रुपए, 27 को 4252 रुपए, 28 को 4260 रुपए, 29 को 4240 रुपए और 30 को 4237 रुपए मॉडल रेट जारी किया गया था. इसी तरह 1 दिसंबर को 4239 रुपए, 2 को 4235 रुपए, 3 को 4240 रुपए, 4 को 4235 रुपए, 5 को 4230 रुपए, 6 को 4217 रुपए, 7को 4222 रुपए, 8 को 4219 रुपए, 9 को 4217 रुपए और 10 को 4210 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था. इसी प्रकार 11 दिसंबर को 4207 रुपए, 12 को 4202 रुपए, 13 को 4204 रुपए, 14 को 4208 रुपए, 15 को 4208 रुपए, 16 को 4209 रुपए, 17 को 4205 रुपए, 18को 4195 रुपए, 19 को 4201 रुपए, 20 को 4191 रुपए, 21 को 4193 रुपए, 22 दिसंबर को 4194 रुपए, 23 दिसंबर को 4209 रुपए और 24 दिसंबर को 4213 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था.

# प्रदेश की सबसे ऊंची अटल प्रतिमा का लोकार्पण



- आष्टा नपाध्यक्ष ने किया प्रतिमा का लोकार्पण
- शापिंग कॉम्प्लेक्स का भी किया गया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**आष्टा 25 दिसंबर.** नपा द्वारा अटल कॉलोनी में स्थापित प्रदेश की सबसे ऊंची भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण एवं पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया.

नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललित नागौरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी कृपालसिंह पटाड़ा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी भूरू भाई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह पटेल, नगीनचंद्र जैन एडव्होकेट, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, उमेश शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पार्षदगण रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, लता तेजपाल मुकाती, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, मनीष धारवां, मोहित सोनी द्वारा मां सरस्वती एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया. तत्पश्चात 54 फिट विशाल अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया. इसके अलावा 465 लाख 89 हजार रुपए की लागत के शॉपिंग कॉम्पलेक्स का भूमिपूजन भी किया गया.

कार्यक्रम का संचालन पूर्व नपा उपाध्यक्ष धनरूपमल जैन ने किया तथा आभार सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोहर भोजवानी, नगर पुरोहित मनीष पाठक, कैलाश पांचम, दूलीचंद कुशवाह, मनोज ताम्रकार, सुरेश परमार, पवन वर्मा, निर्मला कुशवाह, रूपाली चौरसिया, लखन पाटीदार, मनोहर बैरागी, जुगलकिशोर मालवीय, प्रदीप धाड़ीवाल, सलीम ठेकेदार, कोमल जैन, धरमसिंह आर्य सहित अन्य लोग मौजूद थे.

**अवलोकन** कलेक्टर बालागुरु ने किया खारी ग्राम के होम स्टे का अवलोकन

# देश-विदेश के पर्यटकों को भा रहा खारी का होम स्टे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 दिसम्बर.** जिले का खारी ग्राम होमस्टे पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है. प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण संस्कृति और आतिथ्य के कारण यह होमस्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है.

कलेक्टर बालगुरुके ने खारी ग्राम स्थित होमस्टे का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने होमस्टे की व्यवस्थाओं, पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता की जानकारी ली. कलेक्टर ने होमस्टे संचालकों चर्चा करते हुए कहा कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता, स्वच्छता और अतिथि सत्कार पर विशेष ध्यान दिया जाए. उन्होंने कहा कि होमस्टे से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है. मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन द्वारा ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे जिले की पर्यटन संभावनाओं को और विस्तार मिल सके. मध्यप्रदेश पर्यटन ने होम स्टे योजना की शुरुआत कर स्थानीय युवाओं और परिवारों को इस क्षेत्र से जोड़ने का प्रयास किया है.



इसके तहत जिले के खारी गांव सहित भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो, ओरछा, मांडू, पचमढ़ी, पन्ना, कान्हा और बांधवगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों के आस-पास तेजी से होम स्टे विकसित हो रहे हैं. खारी गांव आज ग्रामीण होम स्टे पर्यटन का एक उदाहरण बन चुका है. यहां लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए खोल रहे हैं.

पर्यटक यहां ठहरकर ग्रामीण जीवन, खेत-खलिहान, और पारंपरिक खानपान व लोक संस्कृति का आनंद ले रहे हैं. कई पर्यटकों ने बताया कि खारी गांव की सादगी, आत्मीयता और प्राकृतिक सौंदर्य उन्हें पसंद आ रहा है. यही सौंदर्य अब विदेशी पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है. गांव की महिलाएं अपने पारंपरिक व्यंजन जैसे दाल-बाटी, मिठाई, चाय और पारंपरिक व्यंजन परोसकर पर्यटकों का स्वागत करती हैं। गांव के युवा गाइड बनकर गांव की कहानी, खेती-किसानी की जानकारी और लोकगीतों का अनुभव कराते हैं. होमस्टे पर्यटन से खारी गांव में स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिला रहा है और यहां के परिवारों को आय का स्त्रोत मिला गया है. होम स्टे पर्यटन स्थानीय स्तर पर रोजगार तो उपलब्ध करा रहा है.



## डामरीकरण कार्य का नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 दिसंबर.** नपा द्वारा कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत का निर्माण शामिल है.

गुरुवार को सुबह नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बड़ा बाजार में जारी डामरीकरण का जायजा लिया और कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. छावनी निवासी महेश पारिक ने कहाकि नपा अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शहर के अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य किया जा रहा है. शहर की हृदयस्थली बड़ा बाजार में डामरीकरण कार्य चल रहा है. नि:सन्देह बड़ा बाजार को डामरीकरण की आवश्यकता थी. बस अब इसका सौंदर्यीकरण और हो जाए तो हमारे बाजार की शोभा और बढ़ जाएगी. प्रिंस राठौर ने बताया कि शहर में महानगर की तर्ज पर विकास कार्य किए जा रहे हैं. जिससे आने वाले दिनों में लोगों को राहत मिलेगी. वार्डों में जारी सड़कों निर्माण के साथ नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है. 1 करोड़ 50 लाख की लागत से सड़कों का डामरीकरण आदि कार्य शीघ्र किया जाएगा.